माँ लक्ष्मी करो किरपा अब और ना तरसाओ

माँ लक्ष्मी करो किरपा,
अब और ना तरसाओ,
छम छम करती मैया,
मेरे घर में आ जाओ,
छम छम करती मैया,
मेरे घर में आ जाओ।bd।

देखे – लक्ष्मी का वास हो जिस घर में।

हम जन्मों से प्यासे,
तुम करुणा की सागर,
कुछ बूंदों से ही माँ,
भर जाए मेरी गागर,
दु:ख दूर करो मेरे,
मुझको ना बिसराओ,
छम छम करती मैया,
मेरे घर में आ जाओ।bd।

अंगना बुहारेंगे,
पलकें बिछाएंगे,
तेरे स्वागत में मैया,
हम दीप जलाएंगे,
धन वैभव मैया जी,
आकर के बरसाओ,
छम छम करती मैया,
मेरे घर में आ जाओ।bd।

तुझसे है जग रोशन,
तुझसे ही दिवाली,
कहे 'शिवम' बिन तेरे,
हर रातें है काली,
खुशियों का जीवन में,
सूरज ऊगा जाओ,
छम छम करती मैया,
मेरे घर में आ जाओ।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

माँ लक्ष्मी करो किरपा,
अब और ना तरसाओ,
छम छम करती मैया,
मेरे घर में आ जाओ,
छम छम करती मैया,
मेरे घर में आ जाओ।bd।

Singer – Prakash Odeka

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com